# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in E-mail ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 274 / 03 / एन.एस.एस. / एम.एस.यू. / 2025–26 दिनांकः 21 / 06 / 2025

अतिमहत्वपूर्ण / समयबद्ध

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर।

**विषयः– अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025 (दिनांक 21.06.2025) पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" प्रातः 08:00 बजे से आयोजित कार्यक्रम की आख्या भौतिक रूप से (पेनड्राइव में) उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पूर्व पत्र सं0 174 / एके0 / एम0एस0यू0 / 2025–26, दिनांक 19.06.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से मा0 कुलाधिपति महोदया जी की प्रेरणा एवं निर्देश के अनुपालन में अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के अवसर पर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने हेतु महाविद्यालयों में एक साथ "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" आयोजित कार्यक्रम की रिपोर्ट / आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की सख्या भौतिक रूप में दिनांक 22.06.2025 तक विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संन्दर्भित पत्र दिनांक 19.06.2025 के अनुपालन में **दिनांक 21.06.2025 को प्रातः 08:00 बजे से 08:10 बजे तक आयोजित "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम की आख्या (जियो टैग वाले फोटोज़, अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो बैनर सहित पेनड्राइव में) व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से दिनांक 22.06.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें,** जिससे की सूचना संकलित कर ससमय राज्यपाल सचिवालय को प्रेषित की जा सके। दिनांक 22.06.2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय यथावत् खुलेगा।

**संलग्नकः यथोपरि।**

भवदीय
21-6-25
(कमल कृष्ण)
का0 कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
03. परीक्षा नियंत्रक।
04. वित्त अधिकारी
05. समस्त, सहायक कुलसचिव।
06. प्रो0 सुधीर पुण्डीर, संयोजक / प्रो0 सन्दीप गुप्ता, नोड़ल, अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025।
07. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को भौतिक रूप से संकलित कर कुलसचिव कार्यालय में दिनांक 23.06.2025 के अपराह्न 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।
08. डा0 मितिका सिंह, अतिथि प्रवक्ता, विश्वविद्यालय परिसर।
09. गार्ड फाईल।

सहा0 कुलसचिव